रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-25072025-264959
CG-DL-E-25072025-264959

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3325] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जुलाई 24, 2025/श्रावण 2, 1947
No. 3325] NEW DELHI, THURSDAY, JULY 24, 2025/SHRAVANA 2, 1947

IndiaCode

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 24 जुलाई, 2025

का.आ. 3401(अ).— विषाक्त और परिसंकटमय पदार्थों से संदूषित क्षेत्र मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए जोखिम पैदा करते हैं;

तथा : प्रारूप नियम, अर्थात् संदूषित स्थलों का उपचार नियम, 2024, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खंड 3, उप-खंड (ii) में अधिसूचना संख्या का.आ. 3550 (अ), तारीख 21 अगस्त , 2024 द्वारा प्रकाशित किए गए थे, जिसमें उन सभी व्यक्तियों, जिनके इससे प्रभावित होने की संभावना थी, से उक्त अधिसूचना को अंतर्विष्ट करने वाले राजपत्र की प्रतियां जनता के लिए उपलब्ध कराए जाने की तारीख से साठ दिनों की अवधि के अवसान से पूर्व आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

तथा : उक्त अधिसूचना को अंतर्विष्ट करने वाली राजपत्र की प्रतियां 21 अगस्त, 2024 को जनता के लिए उपलब्ध करा दी गई थीं ;

तथा : उक्त प्रारूप अधिसूचना के संबंध में उक्त अवधि के भीतर जनता से प्राप्त आपत्तियों और सुझावों पर केन्द्रीय सरकार द्वारा सम्यक् रूप से विचार किया गया है;

अत: अब, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3, धारा 6, धारा 8 और धारा 25 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.- (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम पर्यावरण संरक्षण (संदूषित स्थलों का प्रबंधन) नियम, 2025 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. लागू होना .- (1) ये नियम निम्नलिखित से प्रभावित किसी संदूषित स्थल पर लागू नहीं होंगे-

(क) परमाणु ऊर्जा (रेडीओऐक्टिव अपशिष्टों का सुरक्षित निपटान) नियम, 1987 के नियम 2 के खंड (xxii) के अधीन यथा परिभाषित रेडीओऐक्टिव अपशिष्ट;

(ख) खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (1957 का 67) की धारा 3 के खंड (घ) के अधीन यथा परिभाषित खनन संक्रियाएं;

(ग) मर्चेंट शिपिंग अधिनियम, 1958 और मर्चेंट शिपिंग (तेल द्वारा समुद्र प्रदूषण निवारण) नियम, 1974 द्वारा यथा शासित तेल या तैलीय पदार्थ द्वारा समुद्र का प्रदूषण;

(घ) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 नियम 3 के उपनियम (1) के खंड 20 के अधीन यथा परिभाषित डंप साइट से ठोस अपशिष्ट।

(2) उप-नियम (1) में किसी बात के होते हुए भी, यदि किसी स्थल का संदूषण रेडियोधर्मी अपशिष्ट या खनन प्रचालन या तेल रिसाव या डंप साइट से विक्रय अपशिष्ट के साथ मिश्रित संदूषक के कारण है, और यदि संदूषक के कारण स्थल का संदूषण इन नियमों में विनिर्दिष्ट अनुक्रिया स्तर की सीमा से अधिक होता है, तो उस स्थल का उपचार इन नियमों के अधीन शामिल किया जाएगा।

3. परिभाषाएं.- (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, -

(क) "अधिनियम" से पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) अभिप्रेत है;

(ख) "समिति" से 'नियम 10 (1) और 10 (2) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा गठित केन्द्रीय उपचार समिति' अभिप्रेत है;

(ग) "केन्द्रीय बोर्ड" से 'जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन गठित केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड' अभिप्रेत है;

(घ) "केन्द्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल" से 'नियम 9 के अधीन ऑनलाइन पोर्टल' अभिप्रेत है;

(ङ) "प्रदूषक" से 'पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 2 के खंड (ङ) में यथा परिभाषित परिसंकटमय पदार्थ की मौजूदगी' निर्देशित है, जो अनुसूची I में निर्धारित अनुक्रिया स्तरों से अधिक हो;

(च) "संदूषित स्थल" से 'संदूषक पदार्थों से प्रभावित कोई क्षेत्र या स्थल अभिप्रेत है और जिसे नियम 4 के उप-नियम (9) के तहत संदूषित स्थल घोषित किया गया है, अभिप्रेत है;

(छ) "पर्यावरण राहत निधि" से लोक दायित्व बीमा अधिनियम, 1991 (1991 का 6) की धारा 7क के अंतर्गत स्थापित निधि से है;

(ज) " संदिग्ध स्थल" से ऐसे स्थल से है, जहां प्रारंभिक निर्धारण या विस्तृत निर्धारण के आधार पर, संदूषक स्क्रीनिंग स्तर या प्रतिक्रिया स्तर से नीचे मौजूद हैं;

(झ) "भूमि उपयोग" से 'आवासीय, कृषि, औद्योगिक, वाणिज्यिक या लोक प्रयोजन के लिए भूमि का उपयोग' अभिप्रेत है;

(ञ) "स्थानीय निकाय" से 'किसी नगर पालिका या पंचायत अभिप्रेत है और इसमें तत्समय प्रवृत किसी विधि द्वारा या उसके अधीन स्थापित विकास प्राधिकरण शामिल है'

(ट) "परित्यक्त स्थल" से 'कोई संदूषित स्थल जहां जिम्मेदार व्यक्ति का पता नहीं लगाया जा सकता है, अभिप्रेत है;

(ठ) "व्यक्ति" के अंतर्गत कोई व्यष्टि, न्यायिक व्यक्ति या संस्था, कंपनी, फर्म, व्यक्तियों का संगम या व्यष्टि निकाय, चाहे निगमित हो या नहीं, या कोई न्यासी या कोई न्यास' आते हैं;

IndiaCode

(ङ) "संभावित संदूषित स्थल" वह क्षेत्र है, चाहे उसे चिन्हित किया गया हो या नहीं, जहां किसी स्थल को संदिग्ध संदूषित स्थल के रूप में चिह्नित किए जाने के बाद प्रारंभिक निर्धारण के आधार पर संदूषकों की उपस्थिति देखी जाती है;

(ढ) "निर्देश संगठन" से 'नियम 7 के अधीन निर्देश संगठन अभिप्रेत है;

(ण) ''अनुक्रिया स्तर'' अनुसूची I में विनिर्दिष्ट सीमाओं पर या उससे उपर मिट्टी और तलछट में परिसंकटमय पदार्थों की सांद्रता है जो मानव स्वास्थ्य या पर्यावरण के लिए आसन्न खतरा हो सकता है;

(त) "जिम्मेदार व्यक्ति" से नियम 5 के उप-नियम (2) के अधीन राज्य बोर्ड द्वारा पहचाने गए किसी भी व्यक्ति अभिप्रत है, जिस पर संदूषित स्थल के लिए दायित्व सौंपा गया है;

(थ) "स्क्रीनिंग स्तर" मिट्टी और तलछट, तथा भूजल और सतही जल में परिसंकटमय पदार्थों की सांद्रता है जो अनुसूची I में विनिर्दिष्ट, या इससे ऊपर मानव स्वास्थ्य या पर्यावरण के लिए संभावित खतरा हो सकता है;

(द) "स्थल-विनिर्दिष्ट उपचार स्तर" से चिंताजनक परिसंकटमय पदार्थों या रसायन को कम करके संदूषित स्थलों को उपचारित करने के लिए जोखिम आधारित लक्ष्य स्तर अभिप्रेत है;

(ध) "राज्य बोर्ड" से 'राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) की धारा 4 की उपधारा (1) और (4) के अधीन गठित प्रदूषण नियंत्रण समिति' अभिप्रेत है;

(न) "संदिग्ध संदूषित स्थल" वह क्षेत्र है जिसके संदूषित होने का संदिग्ध है और जिसे स्थानीय निकाय या जिला प्रशासन और राज्य बोर्ड द्वारा नियम 4 के उपनियम (1) और उपनियम (4) के अधीन पहचाना गया है;

(2) इन नियमों में प्रयुक्त और अपरिभाषित, किन्तु अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए नियमों में परिभाषित, शब्दों और अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम या नियमों में उन्हें दिया गया है।

4. संदूषित स्थलों की पहचान.- (1) स्थानीय निकाय या जिला प्रशासन, स्वत: संज्ञान लेकर या जनता से शिकायत प्राप्त होने पर संदूषकों से प्रभावित क्षेत्र की पहचान करेगा तथा अपनी अधिकारिक क्षेत्र में संदिग्ध संदूषित स्थलों के रूप में ऐसे सभी क्षेत्रों को केन्द्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल पर सूचीबद्ध करेगा।

(2) उपनियम (1) के अधीन किसी क्षेत्र की पहचान करते समय स्थानीय निकाय या जिला प्रशासन निम्नलिखित सूचना को ध्यान में रखेगा,-

(क) परिसंकटमय और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन और सीमापार संचलन) नियम, 2016 के कार्यान्वयन के माध्यम से उपलब्ध कोई भी सूचना और वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 और जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के अधीन सहमति के प्रबंधन के माध्यम से उपलब्ध सूचना;

(ख) सरकारी अभिकरणों द्वारा किए गए कोई अध्ययन या अन्वेषण;

(ग) अवस्थान कारकों के माध्यम से उपलब्ध सूचना जो संदूषण के जोखिम को बढ़ाती है, जैसे कि आस-पास में पहले से संदूषित स्थल का होना और रसायनों का भूमिगत भंडारण ;

(घ) विगत समय से चल रहा औद्योगिक या कोई मानवजनित क्रियाकलाप जिसके कारण स्थल पर चिंताजनक परिसंकटमय पदार्थों या रसायनों से उस स्थल का संदूषण हुआ हो; या

(ङ) ऐसे अन्य कारक, जिन्हें वह उचित समझे।

(3) स्थानीय निकाय या जिला प्रशासन संदिग्ध संदूषित स्थलों की सूची राज्य बोर्ड को आवधिक तौर पर अर्धवार्षिक आधार पर, केन्द्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल पर प्ररूप 1 में उपलब्ध कराएगा।

(4) राज्य बोर्ड जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 और वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के अंतर्गत उपलब्ध सहमति निगरानी तंत्र के माध्यम से उद्योगों या औद्योगिक परिसरों में स्थित संदिग्ध संदूषित स्थलों की पहचान करेगा।

(5) संदिग्ध संदूषित स्थलों की सूची प्राप्त होने पर, राज्य बोर्ड, स्वत: या निर्देश संगठन के माध्यम से, ऐसी सूची की प्राप्ति की तारीख से नब्बे दिन के भीतर, संदिग्ध संदूषित स्थल के नमूनाकरण और विश्लेषण द्वारा संदिग्ध संदूषित स्थल का प्रारंभिक स्थल निर्धारण करेगा।

(6) प्रारंभिक स्थल निर्धारण के पूरा होने पर, राज्य बोर्ड संदिग्ध संदूषित स्थल को संभावित संदूषित स्थल के रूप में सूचीबद्ध कर सकता है, यदि संदूषक स्क्रीनिंग स्तर से ऊपर पाया जाता है या यदि संदूषक स्क्रीनिंग स्तर से नीचे पाया जाता है तो स्थल को संदिग्ध स्थल के रूप में सूची से हटा सकता है।

(7) राज्य बोर्ड, प्रारंभिक स्थल निर्धारण के पूरा होने की तारीख से तीस दिन के भीतर, संभावित संदूषित स्थलों और संदिग्ध स्थलों की ऐसी सूची केन्द्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल पर, केन्द्रीय बोर्ड को उपलब्ध कराएगा।

(8) तत्पश्चात्, राज्य बोर्ड स्वयं या किसी निर्देश संगठन के माध्यम से, ऐसे स्थल की सूची तैयार करने की तारीख से तीन मास के भीतर, संभावित संदूषित स्थल के संपूर्ण भौगोलिक क्षेत्र को कवर करते हुए विस्तृत नमूनाकरण और विश्लेषण द्वारा संभावित संदूषित स्थल का विस्तृत स्थल निर्धारण करेगा।

(9) राज्य बोर्ड, विस्तृत स्थल निर्धारण के पूरा होने के पश्चात्, यदि संदूषक की मात्रा अनुक्रिया स्तर से अधिक पाई जाती है, तो आगे की कार्रवाई के लिए उस स्थल को संदूषित स्थल के रूप में सूचीबद्ध कर सकता है।

(10) राज्य बोर्ड, विस्तृत स्थल निर्धारण के पूरा होने के पश्चात्, यदि संदूषक की मात्रा अनुक्रिया स्तर से कम पाया जाता है तो उस स्थल को संदिग्ध स्थल के रूप में सूची से हटा सकता है।

(11) राज्य बोर्ड, मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए अंतर्वलित जोखिमों को ध्यान में रखते हुए, संदिग्ध या संभावित संदूषित स्थलों के क्रमशः प्रारंभिक या विस्तृत निर्धारण के दौरान किसी भी क्रियाकलाप को राज्य सरकार में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करते हुए निर्बंधित या प्रतिषिद्ध करने के लिए सार्वजनिक नोटिस जारी करेगा।

(12) राज्य बोर्ड, संदूषित स्थलों की सूची केन्द्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल पर प्रकाशित करेगा तथा ऐसे प्रकाशन के साठ दिन के भीतर प्रभावित होने वाले पणधारियों से टिप्पणियां और सुझाव आमंत्रित करेगा।

(13) पणधारियों से टिप्पणियां और सुझाव प्राप्त होने पर, राज्य बोर्ड केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल पर संदूषित स्थलों की अंतिम सूची प्रकाशित करेगा तथा और इस संबंध में बरती जाने वाली सावधानी का भी संकेत देते हुए जन साधारण की सूचना के लिए उस क्षेत्र में प्रसारित होने वाले दो स्थानीय समाचार पत्रों में इस संबंध में नोटिस भी प्रकाशित करेगा।

5. संदूषित स्थलों का उपचार . - (1) राज्य बोर्ड, इन नियमों के नियम 4 के उपनियम (13) के अधीन संदूषित स्थलों की सूची के प्रकाशन की तारीख से नब्बे दिन के भीतर एक निर्देश संगठन का चयन करेगा तथा और उपचार योजना की तैयारी आरंभ करेगा और उपचार क्रियाकलापों निष्पादित करेगा।

(2) राज्य बोर्ड, नियम 4 के उप-नियम (13) के अधीन संदूषित स्थल का प्रकाशन होने पर, जांच के पश्चात संदूषण वाले स्थल को संदूषित करने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति की 90 दिनों की अवधि के भीतर पहचान करेगा।

(3) यदि संदूषित स्थल को संदूषण फैलाने वाले व्यक्ति (हस्तांतरक) द्वारा किसी अन्य व्यक्ति (हस्तांतरिती) को हस्तांतरित कर दिया गया है, तो राज्य बोर्ड जिम्मेदार व्यक्ति को अन्य व्यक्ति (हस्तांतरिती) के रूप में निर्धारित करेगा।

(4) निर्धारण और उपचार के दौरान संदूषकों का संचालन और प्रबंधन केन्द्रीय बोर्ड द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा।

(5) जिम्मेदार व्यक्ति की पहचान हो जाने पर राज्य बोर्ड, जिम्मेदार व्यक्ति को उपचार संबंधी योजना तैयार करने तथा राज्य बोर्ड द्वारा यथा चयनित निर्देश संगठन के माध्यम से उपचार कार्य आरंभ करने और इस पर होने वाले व्यय का वहन करने का निदेश देगा।

(6) जिम्मेदार व्यक्ति, राज्य बोर्ड के निदेशों पर, उप-नियम (5) के अधीन निदेशों की प्राप्ति की तारीख से छह मास के भीतर उपचार संबंधी योजना तैयार करेगा और इसे राज्य बोर्ड को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करेगा।

Indiacode

(7) उपचार संबंधी योजना में, स्थल-विनिर्दिष्ट उपचार स्तर, जोखिम निर्धारण की पद्धति, संदूषित स्थल के उपचार या विसंदूषण या सफाई पद्धति, उपचार कार्य आरंभ करने के लिए अपेक्षित वित्तीय संसाधन और अपेक्षित समय-सीमा के साथ-साथ उपचार कार्य के दौरान पर्यावरणीय और रक्षोपाय, उपचार-पश्च मॉनीटरी और निर्धारण संबंधी क्रियाकलाप तथा व्यावसायिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और आपातकालीन अनुक्रिया अधिकथित की जाएगी।

(8) राज्य बोर्ड, जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा उपचार संबंधी योजना प्रस्तुत किए जाने की तारीख से तीन मास के भीतर उपचार योजना प्रस्तुत करने की तिथि से इसकी समीक्षा और अनुमोदन करेगा तथा उसकी एक प्रति केन्द्रीय बोर्ड को सूचनार्थ अग्रेषित करेगा।

(9) उपचार योजना के विकास, सत्यापन और उसके अनुमोदन के लिए मानदंड केन्द्रीय बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाना है।

(10) राज्य बोर्ड द्वारा उपचार संबंधी योजना के अनुमोदन के पश्चात् जिम्मेदार व्यक्ति, उपचार संबंधी योजना के अनुसार संदूषित स्थल का उपचार कार्य आरंभ करेगा तथा उपचार कार्य पूर्ण होने तक राज्य बोर्ड अर्धवार्षिक प्रगति रिपोर्ट को प्ररूप 2 में प्रस्तुत करेगा केन्द्रीय बोर्ड को सूचना देते हुए।

(11) उपचार योजना के अनुमोदन के आधार पर, राज्य बोर्ड उपचार क्रियाकलाप को आगे बढ़ाने के लिए संदूषित स्थलों से लोगों के पुनर्वास के लिए आदेश जारी करने हेतु राज्य सरकार को सिफारिश करेगा।

(12) राज्य बोर्ड, मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण में अंतर्वलित जोखिमों को ध्यान में रखकर, संदूषित स्थल के उपचार के दौरान भूमि उपयोग में परिवर्तन और भूमि या भूमि पर भवन या किसी सुविधा के स्वामित्व के हस्तांतरण या परिवर्तन सहित किसी भी क्रियाकलाप को निर्बंधित या प्रतिषिद्ध करते हुए एक सार्वजनिक सूचना जारी करेगा।

(13) जिम्मेदार व्यक्ति की पहचान न होने दशा में राज्य बोर्ड, संदूषित स्थल में उपचार कार्य करने के लिए इन नियमों के नियम 4 के उपनियम (13) के अधीन संदूषित स्थल के प्रकाशन की तारीख से छह माह के भीतर स्वयं या निर्देश संगठन के माध्यम से उपचार संबंधी योजना तैयार करेगा, जो या तो अपने संसाधनों से अथवा राज्य सरकार अथवा दोनों और नियम 8 के अधीन निर्धारित अनुपात के अनुसार केन्द्रीय सरकार के संसाधनों से सहायता के माध्यम से की जाएगी तथा उपचार योजना को अंतिम रूप दिए जाने के नब्बे दिन के भीतर निर्देश संगठन के माध्यम से उपचार आरंभ करेगा।

(14) किसी संदूषित स्थल का उपचार कार्य, अनुक्रिया स्तर को स्थल-विनिर्दिष्ट उपचार स्तर तक लाने के लिए किया जाएगा।

(15) राज्य बोर्ड, उपचार कार्य पूरा होने के पश्चात, उपचार किए गए स्थल में कतिपय क्रियाकलापों के लिए उपयुक्त भूमि उपयोग को विनिर्दिष्ट या किसी ऐसे क्रियाकलाप को निर्बंधित करते हुए उक्त स्थल को अधिसूचित करेगा और केन्द्रीय बोर्ड को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

(16) संदिग्ध संदूषित स्थल या संभावित संदूषित स्थल के, किसी उद्योग या अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्र के परिसर में अवस्थित होने की दशा में राज्य बोर्ड, संबद्ध औद्योगिक विकास प्राधिकरण या संबद्ध उद्योग को किसी निर्देश संगठन के माध्यम से, यथा स्थिति प्रारंभिक या विस्तृत स्थल निर्धारण करने और इसके पूर्ण होने तक राज्य बोर्ड को रिपोर्ट प्रस्तुत

करने का निदेश देगा तथा ऐसे स्थलों का उपचार कार्य करने के लिए नियम 4 और नियम 5 के उपबंध यथा संभव लागू होंगे।

6. उपचार कार्य का सत्यापन - (1) राज्य बोर्ड, उपचार कार्य पूर्ण होने के पश्चात् केन्द्रीय बोर्ड को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

(2) केन्द्रीय बोर्ड, उपचार क्रियाकलापों के पूर्ण होने संबंधी सत्यापन करने हेतु किसी निर्देश संगठन को नियुक्त कर सकता है।

(3) राज्य बोर्ड की रिपोर्ट को निर्देश संगठन की रिपोर्ट के साथ समिति के समक्ष, उसके पुनर्विलोकन समीक्षा और सिफारिश हेतु प्रस्तुत किया जाएगा।

(4) समिति, अपने पुनर्विलोकन के दौरान अतिरिक्त या अनुपूरक उपचार संबंधी क्रियाकलापों, यदि आवश्यक हों, की सिफारिश कर सकती है।

(5) समिति की सिफारिशें प्राप्त होने पर केन्द्रीय बोर्ड, उपचार कार्य पूर्ण होने संबंधी आदेश जारी करने के लिए राज्य बोर्ड को संसूचित करेगा।

(6) राज्य बोर्ड, उपचार पश्च मॉनीटरी संबंधी क्रियाकलापों के साथ-साथ उपचार कार्य पूर्ण होने संबंधी आदेश जारी करेगा।

(7) जिम्मेदार व्यक्ति, ऐसे स्थलों के संदूषण के कारण, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य या तीसरे पक्षकार को होने वाली सभी प्रकार की क्षतियों के लिए दायी होगा।

(8) जिम्मेदार व्यक्ति को निम्नलिखित कारणों से अपने दायित्व से छूट प्राप्त नहीं होगी या छूट प्राप्त नहीं माना जाएगा –

(क) यदि संदूषण करने वाली क्रियाकलापों और संदूषण के प्रभाव, इन नियमों के लागू होने से पूर्व हुई हो;

(ख) यदि स्थल अन्वेषण की अपेक्षा न हो तो अनिवार्य हो और ना ही सामान्य कारोबार पद्धति के भाग के रूप में प्रत्याशित हो और व्यक्ति से ऐसी अन्वेषण या परीक्षण करना प्रत्याशित नहीं की जा सकता;

(ग) यदि संदूषकों को अधिसूचित किया गया हो या न ही परिसंकटमय पदार्थों के रूप में अधिसूचित किया गया हो।

(9) किसी संदूषित स्थल या संदूषित स्थल पर अवस्थित सुविधा में या स्थल से या स्थल में किसी सामग्री के परिवहन के दौरान कोई दुर्घटना होती है तो, उक्त स्वामी या अधिभोगी या जिम्मेदार व्यक्ति या परिवाहक, दुर्घटना के बारे में राज्य बोर्ड को टेलीफोन और ई-मेल के माध्यम से तत्काल सूचित करेगा तथा तत्पश्चात प्ररूप 3 में रिपोर्ट प्रेषित करेगा और उसे केन्द्रीयकृत ऑनलाइन पोर्टल पर प्रकाशित करेगा।

IndiaCode

7. निर्देश संगठन – (1) अनुसूची 2 में दी गई अर्हताएं और अनुभव रखने वाला कोई संगठन, निर्देश संगठन के रूप में पैनल में रखने के लिए केन्द्रीय बोर्ड को प्ररूप 4 में आवेदन कर सकता है।

(2) केन्द्रीय बोर्ड, आवेदन प्राप्त होने पर, अनुसूची 2 में विहित मानदंडों के अनुसार निर्देश संगठन के प्रत्यय-पत्रों का मूल्यांकन करेगा और उक्त संगठन को निर्देश संगठन के पैनल में रखने के संबंध में या कारणों सहित आवेदन को अस्वीकार करने के संबंध में साठ दिन के भीतर संसूचित करेगा।

(3) निर्देश संगठन का पैनल में रखा जाना, केन्द्रीय बोर्ड द्वारा इसे रद्द किए जाने तक वैध रहेगा या जब तक संगठन का अस्तित्व समाप्त नहीं हो जाता या वह संदूषित स्थलों के निर्धारण और उपचार के क्षेत्र में अपनी क्रियाकलापों को बंद नहीं कर देता।

(4) केन्द्रीय बोर्ड, निर्देश संगठन के पैलन में रखा जाने को, गलत सूचना प्रस्तुत करने, कपटपूर्ण क्रियाकलापों को करने, आंकड़ों का दुरुपयोग करने तथा निर्धारण, उपचार संबंधी योजना तैयार करने और उपचार कार्य करने संबंधी संविदा या कार्य आदेश के अनुसरण में कार्यकलाप न करने के आधार पर, रद्द कर सकता है।

(5) केन्द्रीय बोर्ड अपनी वेबसाइट पर पैनल में रखे गए निर्देश संगठन की सूची प्रकाशित करेगा और इस सूची को त्रैमासिक आधार पर अद्यतित करेगा।

8. संदूषित स्थलों के निर्धारण और उपचार हेतु वित्तीय तंत्र - (1) सभी मामलों में, संदिग्ध संदूषित स्थल और संभावित संदूषित स्थल के लिए क्रमशः प्रारंभिक निर्धारण और विस्तृत निर्धारण करने के लिए निधियों, जहां तक संभव हो, प्रारम्भ में केन्द्रीय सरकार द्वारा लोक दायित्व बीमा अधिनियम, 1991 की धारा 7 की उपधारा (9) के अधीन पर्यावरण राहत निधि से पूर्णतः या आंशिक रूप से तथा राज्य सरकार द्वारा भी की जा सकेगी।

(2) निधियों को केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार के बीच निम्नलिखित अनुपात में सहभाजित किया जाएगा -

(क) क्षेत्र के, पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों में होने की दशा में, केन्द्रीय सरकार से नब्बे प्रतिशत निधियां और राज्य सरकार से दस प्रतिशत निधियां;

(ख) क्षेत्र के, अन्य राज्यों में होने की दशा में, केन्द्रीय सरकार से साठ प्रतिशत निधियां तथा राज्य सरकार से चालीस प्रतिशत निधियां;

(ग) क्षेत्र के, संघ राज्य क्षेत्रों में होने की दशा में, केन्द्रीय सरकार से शत-प्रतिशत निधियां।

(3) राज्य सरकार अपने हिस्से के लिए पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 16(1) और 16(5) के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण निधि से आवंटित धनराशि और/या राज्य बोर्ड द्वारा एकत्रित पर्यावरण क्षतिपूर्ति से प्राप्त धनराशि का उपयोग कर सकती है।

(4) राज्य सरकार, यथास्थिति, केन्द्रीय बोर्ड या राज्य बोर्ड, , द्वारा संदूषित स्थलों की संसूचना दिए जाने की तारीख से साठ दिनों के भीतर प्रारंभिक और विस्तृत स्थल निर्धारण के लिए निधियों के सहभाजन करने के लिए सहमति प्रदान करेगी:

IndiaCode

परंतु यह कि जब केन्द्रीय सरकार उपचार संबंधी क्रियाकलापों को तत्काल आरंभ करना आवश्यक और समीचीन समझती है, तो वह राज्य सरकार के अनुमोदन को लंबित रख सकती है, ऐसे उपचार संबंधी क्रियाकलापों को करने के लिए राज्य सरकार के हिस्से की समतुल्य निधियां प्रदान कर सकती है और तत्पश्चात राज्य सरकार से उक्त धनराशि वसूल सकती है।

(5) जिम्मेदार व्यक्ति की पहचान हो जाने की दशा में, केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा प्रारंभिक और विस्तृत स्थल निर्धारण पर किए गए व्यय की, जिम्मेदार व्यक्ति से तीन मास के भीतर वसूली की जाएगी।

(6) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार केन्द्रीय बोर्ड या राज्य बोर्ड द्वारा प्रारंभिक निर्धारण, विस्तृत निर्धारण, उपचार संबंधी योजना तैयार करने और उपचार संबंधी क्रियाकलाप करने के लिए निधियां उपलब्ध कराने की दशा में जिम्मेदार व्यक्ति, राज्य बोर्ड द्वारा यथा निदेशित रीति से ब्याज सहित उक्त व्यय का संदाय करने के लिए दायी होगा:

परंतु यह कि स्थल की संदूषित स्थल के रूप में पुष्टि न होने की दशा में जिम्मेदार व्यक्ति, प्रारंभिक निर्धारण और विस्तृत निर्धारण पर होने वाले व्यय का संदाय करने के लिए दायी नहीं होगा।

(7) परित्यक्त स्थलों की दशाओ में, क्रमशः संदिग्ध संदूषित स्थलों, संभावित संदूषित स्थलों और संदूषित स्थलों के लिए में प्रारंभिक निर्धारण, विस्तृत निर्धारण और उपचार संबंधी योजना तैयार करने तथा उपचार कार्य करने पर होने वाला व्यय, उप-नियम (2) में दिए गए अनुपात में पूरा किया जाएगा।

(8) बैंकों के अस्थायी कब्जे वाले या न्यायिक कार्यवाही के अधीरन आने वाले ऐसे स्थलों जैसे अन्य सभी मामलों में समिति की सिफारिशों के आधार पर, प्रारंभिक निर्धारण, विस्तृत निर्धारण, उपचार योजना तैयार करने और उपचार संबंधी क्रियाकलाप करने के लिए निधियां, उप-नियम (2) में दिए गए अनुपात में पूरी की जाएंगी।

9. केंद्रीयकृत ऑनलाइन पोर्टल - (1) केन्द्रीय बोर्ड इन नियमों के अधीन संदिग्ध संदूषित स्थलों, संभावित संदूषित स्थलों और संदूषित स्थलों की रिपोर्टिंग तथा संदूषण के निर्धारण की की मानीटरी और संदूषित स्थलों के उपचार के प्रयोजन के लिए केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल विकसित करेगा।

(2) राज्य बोर्ड संभावित और संदूषित स्थलों की सूची और उनकी जियोटैगिंग या जियो-फेंसिंग, रिमोट सेंसिंग और सैटेलाइट इमेजरी, उपचार योजना की तैयारी की स्थिति, उपचार क्रियाकलापों और जिम्मेदार व्यक्तियों की सूची, उपचार कार्य पूर्ण होने संबंधी आदेश और उपचार कार्य के बाद की निगरानी क्रियाकलापों को अपलोड करने सहित अपने सभी क्रियाकलापों को केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करेगा।

(3) केन्द्रीय बोर्ड सभी संदूषित स्थलों की सूची, उनकी प्रस्थिति और इस संबंध में समिति की सिफारिशों को अपलोड करेगा।

10. उपचार समिति- (1) केन्द्रीय सरकार, इन नियमों के अधीन उपचार क्रियाकलापों का पुनर्विलोकन करने तथा इन नियमों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए केन्द्रीय उपचार समिति का गठन करेगी।

(2) केंद्रीय उपचार समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे, अर्थात्:-

(क) अध्यक्ष, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड - अध्यक्ष;

(ख) सदस्य के रूप में निम्नलिखित मंत्रालयों या विभागों में से प्रत्येक का एक प्रतिनिधि, -

(i) आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय;

(ii) उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय;

(iii) रसायन और पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

(iv) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय

(V) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

(ग) संदूषित स्थलों के व्यौहार में अनुभव रखने वाले राज्य बोर्डों के दो प्रतिनिधि, जिन्हें केंद्रीय सरकार द्वारा चक्रानुक्रम के आधार पर नामनिर्दिष्ट किया जाएगा - सदस्य;

(घ) संबंधित राज्य सरकार का एक प्रतिनिधि - सदस्य;

(ण) पर्यावरण, भू-तकनीकी और औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र से दो तकनीकी विशेषज्ञ, जिन्हें केंद्रीय सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा - सदस्य;

(च) सदस्य सचिव, केन्द्रीय बोर्ड या उनके द्वारा नामित - सदस्य संयोजक।

(3) समिति, इन नियमों के उपबंधों के कार्यान्वयन का पुनर्विलोकन और मानीटरी करेगी तथा केन्द्रीय सरकार या केन्द्रीय बोर्ड द्वारा उसे निर्दिष्ट गए किसी मामले के संबंध में सिफारिशें कर सकती है।

(4) समिति छह मास में कम से कम एक बार बैठक करेगी और वार्षिक आधार पर केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

(5) समिति संदिग्ध संदूषित स्थलों, संभावित संदूषित स्थलों और संदूषित स्थलों की सूची और इन नियमों के अधीन क्रियाकलापों के ब्यौरों का वार्षिक पुनर्विलोकन करेगी।

(6) राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन इन नियमों के प्रकाशन की तारीख से तीन मास के भीतर, पर्यावरण विभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव या प्रधान सचिव की अध्यक्षता में, तथा नगर प्रशासन और शहरी विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, औद्योगिक विभाग के सचिवों और राज्य बोर्ड के प्रतिनिधि को सदस्यों के रूप में सम्मिलित करते हुए एक राज्य स्तरीय समिति का गठन करेगी, जो समयबद्ध रीति में इन नियमों और उनके अधीन क्रियाकलापों के कार्यान्वयन की निगरानी करेगी।

11. केन्द्रीय बोर्ड के कृत्य- (1) केन्द्रीय बोर्ड, इन नियमों के अधीन उपबंधों की मॉनीटरी और रिपोर्टिंग के लिए केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल विकसित करेगा।

(2) केन्द्रीय बोर्ड प्ररूप 5 में संदूषित स्थलों के प्रबंधन पर एक समेकित पुनर्विलोकन रिपोर्ट तैयार करेगा तथा उसे प्रत्येक वर्ष में एक बार 30 सितम्बर से पहले अपनी सिफारिशों के साथ केंद्रीय सरकार को अग्रेषित करेगा तथा उसे केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल पर प्रकाशित करेगा।

(3) केन्द्रीय बोर्ड सभी प्रासंगिक सुसंगत केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल पर प्रकाशित करेगा।

(4) केन्द्रीय बोर्ड इन नियमों के अधीन निधियों के उपयोग तथा व्यय के हिस्सेदारी के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध प्रस्तुत कर सकता है।

(5) केन्द्रीय बोर्ड इन नियमों के कार्यान्वयन के प्रयोजन से दिशानिर्देश जारी कर सकेगा:

परंतु यह कि पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के संबंध में दिशानिर्देश केंद्रीय सरकार की पूर्व अनुमोदन से ही जारी किए जा सकेंगे।

12. स्वैच्छिक उपचार - (1) स्वैच्छिक उपचार किसी भी स्थल के लिए उपयुक्त हो सकता है.-

(क) जिसकी पहचान संभावित संदूषित स्थल या संदूषित स्थल के रूप में नहीं की गई है; या

(ख) जिसकी इन नियमों के अधीन संदूषित स्थल के रूप में पहचान के लिए जांच नहीं की गई है; और

(ग) जहां स्वैच्छिक उपचार का प्रस्ताव करने वाला व्यक्ति उपचार तथा संबंधित पर्यावरण और सामाजिक पहलुओं और स्थानीय समुदाय की अपेक्षाओं के प्रबंधन या प्रापण के लिए सक्षम है।

(2) कोई व्यक्ति स्वैच्छिक उपचार के लिए समिति के समक्ष पुनर्विलोकन के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकता है, जिसके साथ प्रारंभिक निर्धारण रिपोर्ट, सभी मालिकों और अधिभोगियों के बीच स्वैच्छिक करार, उपचार के लिए संदाय करने की पर्याप्त क्षमता का साक्ष्य और उपचार के दौरान समिति के निदेशों का अनुपालन करने की वचनबद्धता भी लेनी चाहिए।

(3) समिति स्वैच्छिक उपचार प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए केन्द्रीय सरकार को सिफारिश कर सकती है, यदि यह समाधान हो जाता है कि -

(क) यह उप-नियम (1) में निर्धारित मानदंडों को पूरा करता है;

(ख) स्वैच्छिक प्रस्ताव पर सभी स्थल स्वामियों और अधिभोगियों द्वारा सहमति व्यक्त की गई है और उसे स्वीकार किया गया है;

(ग) सभी व्यक्तियों ने मिलकर यह प्रदर्शित किया है कि उनके पास उपचार लागत का संदाय करने की पर्याप्त क्षमता है और उपचार के लिए संदाय करने के लिए सार्वजनिक निधि की कोई अपेक्षा नहीं है;

(घ) सभी व्यक्ति समिति द्वारा जारी आदेशों, निदेशों और नोटिसों का पालन करने के लिए सहमत हैं;

(ङ) यह इन नियमों के उपबंधों का अनुपालन करता है।

(4) यदि किसी भी प्रक्रम पर स्वैच्छिक उपचार करने वाला व्यक्ति केन्द्रीय बोर्ड अनुसरण या राज्य बोर्ड या केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के किसी आदेश या निदेशों या नोटिस का अनुपालन नहीं करता है या इन उपबंधों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है, तो उस व्यक्ति द्वारा पहले से किए गए किसी भी लागत के व्यय का कोई प्रतिदाय नहीं होगा और समिति, केन्द्रीय बोर्ड या केन्द्रीय सरकार को आदेशों के प्रवर्तन के लिए कदम उठाने की सिफारिश कर सकती है, जैसे कि कोई स्वैच्छिक उपचार प्रस्ताव नहीं थी ।

(5) स्वैच्छिक उपचार के अनुमोदन से पर्यावरण को होने वाली क्षति या हानि के अधिरोपण या अन्यथा और किसी अन्य नियम, इन नियमों के उपबंधों या इसके अधीन जारी आदेशों या निदेशों का अनुपालन करने में विफलता या उल्लंघन के दायित्व को रोका नहीं जा सकेगा।

13. पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति - (1) राज्य बोर्ड किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित कर सकता है जो उपचार करने में इन नियमों के उपबंधों का अनुपालन नहीं करता है या किसी संदूषित स्थल के संबंध में इन नियमों के अधीन उपाय नहीं करता है और मानव जीवन और पर्यावरण के लिए जोखिम पैदा करता है, जिससे पर्यावरण या मानव स्वास्थ्य को नुकसान, क्षति या चोट पहुंचती है।

(2) यदि राज्य बोर्ड उपनियम (1) के अंतर्गत साठ दिनों के भीतर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाने के संबंध में कार्रवाई नहीं करता है, तो केन्द्रीय बोर्ड ऐसे किसी भी व्यक्ति पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगा सकता है जो उपचार करने में इन नियमों के प्रावधानों का पालन नहीं करता है या किसी संदूषित स्थल के संबंध में इन नियमों के अंतर्गत उपचार नहीं करता है और मानव जीवन तथा पर्यावरण के लिए जोखिम उत्पन्न करता है, जिससे पर्यावरण या मानव स्वास्थ्य को हानि, क्षति या नुकसान पहुँचता है।

(3) उपर्युक्त के होते हुए भी, केन्द्रीय बोर्ड या राज्य बोर्ड पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986, जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974, वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981, जैसी भी स्थिति हो, के अंतर्गत उचित कार्रवाई कर सकता है।

(4) पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का भुगतान जिम्मेदार व्यक्तियों को लगाए गए उपचार लागत के भुगतान से मुक्त नहीं करेगा।

(5) इन नियमों के अंतर्गत पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की राशि, लोक दायित्व बीमा अधिनियम, 1991 (1991 का 6) की धारा 7क के अंतर्गत स्थापित पर्यावरण राहत निधि में जमा की जाएगी और एक पृथक खाते में रखी जाएगी।

(6) इन नियमों के अंतर्गत एकत्रित पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का उपयोग संदूषण के निर्धारण और संदूषित स्थलों के उपचार के माध्यम से पर्यावरण या लोक स्वास्थ्य को होने वाली हानि, क्षति या क्षति की प्रतिपूर्ति हेतु तथा इन नियमों के उपबंधों के कार्यान्वयन के प्रयोजनार्थ किया जाएगा।

(7) केन्द्रीय बोर्ड, उप-नियम (6) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के अंतर्गत एकत्रित निधियों के उपयोग हेतु लागत के अनुमान सहित एक योजना, केंद्रीय सरकार को प्रस्तुत करेगा।

(8) केंद्र सरकार, उप-नियम (7) के अंतर्गत प्रस्तुत योजना और अनुमान से संतुष्ट होने पर, केन्द्रीय बोर्ड को राशि के संवितरण हेतु आदेश जारी कर सकेगी।

(9) राज्य बोर्ड, उप-नियम (6) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए निधियों की प्राप्ति हेतु केन्द्रीय बोर्ड के माध्यम से केंद्र सरकार को योजना प्रस्तुत करेगा।

(10) केन्द्रीय बोर्ड, उप-नियम (9) के अंतर्गत राज्य बोर्ड से योजना प्राप्त होने पर, राज्य बोर्ड से योजना प्राप्त होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर योजना पर अपनी सिफारिश केंद्र सरकार को भेजेगा।

(11) केन्द्रीय सरकार, उप-नियम (9) के अधीन प्रस्तुत योजना से संतुष्ट होने पर, केन्द्रीय बोर्ड को राशि के संवितरण के लिए आदेश जारी कर सकेगी, जो बदले में संबंधित राज्य बोर्ड को निधि का संवितरण करेगा।

[फा. सं. 12/4/2024 -एचएसएम]

नीलेश कुमार साह, संयुक्त सचिव

अनुसूची I
[नियम 3 (ड.) (ण) और (थ) देखिए]

परिसंकटमय पदार्थों की अनुक्रिया और स्क्रीनिंग स्तर

क्र. सं.	रासायनिक नाम	रासायनिक समूह	मिट्टी/तलछट					भूजल गुणवत्ता (स्क्रीनिंग स्तर) (मिलीग्राम/लीटर में)	सतही जल गुणवत्ता (स्क्रीनग स्तर) (µg/L में)
			अनुक्रिया स्तर (आरएल) (मिलीग्राम/किलोग्राम में)	स्क्रीनिंग स्तर (एसएल) (मिलीग्राम/किग्रा में)					
				कृषि	आवासीय	वाणिज्यिक	औद्योगिक		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
1.	1,1,1-ट्राइक्लोरोइथेन (टीसीए)	हैलोजेनेटेड एलिफैटिक यौगिक	50	0.1	5	**50**	**50**	-	-
2.	1,1,2,2- टेट्राक्लोरोइथीन (पीसीई)	हैलोजेनेटेड एलिफैटिक यौगिक	8.8	0.1	0.2	0.5	0.6	0.03	110
3.	1,1,2,2-टेट्राक्लोरेथेन	हैलोजेनेटेड एलिफैटिक यौगिक	50	0.1	5	50	50	-	-
4.	1,1,2-ट्राइक्लोरोइथेन	हैलोजेनेटेड एलिफैटिक यौगिक	50	0.1	5	**50**	**50**	-	-
5.	1,1,2-ट्राइक्लोरोइथीन (टीसीई)	हैलोजेनेटेड एलिफैटिक यौगिक	2.5	0.01	0.01	0.01	0.01	0.005	21
6.	1,1-डाइक्लोरोइथेन	हैलोजेनेटेड एलिफैटिक यौगिक	50	0.1	5	**50**	**50**	-	-
7.	1,1-डाइक्लोरोइथीन	हैलोजेनेटेड एलिफैटिक यौगिक	50	0.1	**5**	**50**	**50**	0.014	-
8.	1,2,3,4-टेट्राक्लोरोबेंज़ीन	हैलोजनयुक्त सुगंधित यौगिक	10	0.05	2	**10**	**10**	-	1.8
9.	1,2,3,5-टेट्राक्लोरोबेंज़ीन	हैलोजनयुक्त सुगंधित यौगिक	10	0.05	2	**10**	**10**	-	-
10.	1,2,3-ट्राइक्लोरोबेंजीन	हैलोजनयुक्त सुगंधित यौगिक	11	0.05	2	10	10	-	8
11.	1,2,4,5-टेट्राक्लोरोबेंज़ीन	हैलोजनयुक्त सुगंधित यौगिक	10	0.05	2	**10**	**10**	-	-
12.	1,2,4-ट्राइक्लोरोबेंजीन	हैलोजनयुक्त सुगंधित यौगिक	11	0.05	2	10	10	-	24
13.	1,2-डाइक्लोरोबेंज़ीन	हैलोजनयुक्त सुगंधित	19	0.1	1	10	10	0.005	0.7

IndiaCode

		यौगिक							
14.	1,2-डाइक्लोरोइथेन	हैलोजेनेटेड एलिफैटिक यौगिक	50	0.1	5	**50**	**50**	0.005	100
15.	1,2-डाइक्लोरोइथीन	हैलोजेनेटेड एलिफैटिक यौगिक	50	0.1	**5**	**50**	**50**	0.05	-
16.	1,2-डाइक्लोरोप्रोपेन	हैलोजेनेटेड एलिफैटिक यौगिक	50	0.1	**5**	**50**	**50**	-	-
17.	1,2-डाइक्लोरोप्रोपीन (सिस और ट्रांस)	हैलोजेनेटेड एलिफैटिक यौगिक	50	0.1	5	50	50	-	-
18.	1,3,5-ट्राइक्लोरोबेंजीन	हैलोजनयुक्त सुगंधित यौगिक	11	0.05	2	10	10	-	-
19.	1,3-डाइक्लोरोबेंज़ीन	हैलोजनयुक्त सुगंधित यौगिक	19	0.1	1	10	10	-	150
20.	1,4-डाइक्लोरोबेंज़ीन	हैलोजनयुक्त सुगंधित यौगिक	19	0.1	1	10	10	0.005	26
21.	1,4-डाइऑक्सेन	विषमचक्रीय कार्बनिक यौगिक	-	-	-	-	-	0.05	-
22.	2,3,4,6-टेट्राक्लोरोफेनॉल	हैलोजनयुक्त सुगंधित यौगिक	21	0.05	0.5	5	5	0.1	-
23.	2,4,6-ट्राइक्लोरोफेनॉल	हैलोजनयुक्त सुगंधित यौगिक	22	0.05	0.5	5	5	0.005	-
24.	2,4-डाइक्लोरोफेनॉल	हैलोजनयुक्त सुगंधित यौगिक	5	0.05	0.5	5	5	0.9	-
25.	2,4-डाइक्लोरोफेनोक्सीएसिटिक एसिड (2,4-डी)	कीटनाशक (फेनोक्सी शाकनाशी)	-	-	-	-	-	0.1	-
26.	3-आयोडो-2-प्रोपिनिल ब्यूटाइल कार्बामेट	कीटनाशक, कार्बामेट	-	-	-	-	-	-	1.9
27.	एसेनाफ्थीन	पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (पीएएच)	10	0.1	1	10	10	-	5.8
28.	एसेनाफ्थिलीन	पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (पीएएच)	10	0.1	1	10	10	-	-
29.	एक्रिडीन	पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (पीएएच)	10	0.1	1	10	10	-	4.4
30.	एल्डीकार्ब	कीटनाशक, कार्बामेट	-	-	-	-	-	0.009	1
31.	एल्ड्रिन	कीटनाशक, ऑर्गेनोक्लोरीन	0.32	-	-	-	-	0.0007	0.004
32.	एलिफैटिक्स नॉनक्लोरीनेटेड (प्रत्येक)	गैर-हैलोजनयुक्त ऐलिफैटिक यौगिक	0.3	0.3	-	-	-	-	-
33.	अल्युमीनियम	धातु		-	-	-	-	2.9	-
34.	अमोनिया (कुल)	अकार्बनिक	-	-	-	-	-	0.5	-
35.	अमोनिया (अन-आयनीकृत)	अकार्बनिक	-	-	-	-	-	-	19
36.	रंगों का रासायनिक आधार	जैविक	-	-	-	-	-	-	2.2

IndiaCode

37.	अंगारिन	पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (पीएएच)	10	0.1	1	10	10	-	0.012
38.	एंटीमनी (धात्विक)	अकार्बनिक	40	20	20	**40**	**40**	0.006	-
39.	हरताल	धातु	76	12	12	12	12	0.01	5
40.	अदह		100					-	-
41.	एटेराजिन	कीटनाशक, ट्राइएज़ीन	0.71					0.005	1.8
42.	बेरियम	अकार्बनिक	2000	750	500	2000	2000	2	-
43.	बेंजीन	मोनोसाइक्लिक सुगंधित यौगिक	5	0.05	0.5	**5**	**5**	0.005	370
44.	बेंज़ो(ए) एन्थ्रेसेन	पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (पीएएच)	10	0.1	1	10	10	-	0.018
45.	बेंज़ो(ए) पाइरीन	पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (पीएएच)	10	0.1	1	10	10	0.00004	0.015
46.	बेंज़ो(बी) फ्लोराएन्थीन	पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (पीएएच)	10	0.1	1	10	10	-	-
47.	बेंज़ो(के) फ्लोराएन्थीन	पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (पीएएच)	10	0.1	1	10	10	-	-
48.	फीरोज़ा	अकार्बनिक	8	4	4	8	8	-	-
49.	बोरान	अकार्बनिक	2	2	-	-	-	5	0.0015
50.	ब्रोमेसिल	कीटनाशकों	-	-	-	-	-	-	5
51.	ब्रोमोक्सिनिल	कीटनाशक, बेंज़ोनाइट्राइल		-	-	-	-	0.03	5
52.	कैडमियम	धातु	22	1.4	10	**22**	**22**	0.007	-
53.	कैल्शियम	अकार्बनिक	-	-	-	-	-	75	-
54.	कैप्टन	कीटनाशकों	-	-	-	-	-	-	1.3
55.	कार्बेरिल	कीटनाशक, कार्बामेट	0.45					-	0.2
56.	carbofuran	कीटनाशक, कार्बामेट	0.017					0.09	1.8
57.	क्लोरडेन	कीटनाशक, ऑर्गेनोक्लोरीन	4					0.0002	0.006
58.	क्लोराइड	अकार्बनिक	-	-	-	-	-	250	120000
59.	क्लोरोइंथेनोल	कीटनाशकों	-	-	-	-	-	-	0.18
60.	कलोरोफिस	कीटनाशक, ऑर्गनोफॉस्फोरस	-	-	-	-	-	0.09	0.002
61.	क्रोमियम (कुल)	धातु	87	64	64	87	87	0.05	-
62.	क्रोमियम, हेक्सावेलेन्ट	धातु	78	0.4	0.4	1.4	1.4	-	1

IndiaCode

	(Cr(VI))								
63.	क्रोमियम, त्रिसंयोजक (Cr(III))	धातु	180					-	8.9
64.	क्रिसेन	पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (पीएएच)	10	0.1	1	10	10	-	-
65.	कोबाल्ट	अकार्बनिक	300	40	50	**300**	**300**	-	-
66.	कोलीफॉर्म, मल (एस्चेरिचिया कोली)	जैविक	-	-	-	-	-	किसी भी 100 मिलीलीटर नमूने में पता लगाने योग्य नहीं होगा	-
67.	कोलीफॉर्म, कुल	जैविक	-	-	-	-	-	-	-
68.	रंग	भौतिक	-	-	-	-	-	5 हेज़न यूनिट (आईएस)	-
69.	प्रवाहकत्त्व	भौतिक	4 डी एस /मी	2 डी एस /मी	2 डी एस /मी	4 डी एस /मी	4 डी एस /मी	-	-
70.	ताँबा	धातु	190	63	63	91	91	2	
71.	सायनाज़ीन	कीटनाशक, ट्राइएज़ीन	-	-	-	-	-	0.01	2
72.	साइनाइड	अकार्बनिक	50	0.9	0.9	8	8	0.2	5
73.	सायनोबैक्टीरियल विष	जैविक	-	-	-	-	-	0.0015	-
74.	डीडीडी (डाइक्लोरोडाइफेनिलडाइक्लोरोइथेन,2,2-बिस (पी- क्लोरोफेनिल)-1, 1-डाइक्लोरोइथेन)	कीटनाशक, ऑर्गेनोक्लोरीन	34					-	-
75.	डीडीई (डाइक्लोरोडाइफेनिल एथिलीन,1,1-डाइक्लोरो-2,2-बिस (पी- क्लोरोफेनिल) -एथीन)	कीटनाशक, ऑर्गेनोक्लोरीन	2.3					-	-
76.	डीडीटी (डाइक्लोरोडाइफेनिलट्राइक्लोरोइथेन;2, 2-बिस(पी-क्लोरोफेनिल)-1,1,1-ट्राइक्लोरोइथेन)	कीटनाशक, ऑर्गेनोक्लोरीन	1.7					1	-
77.	डीडीटी कुल (डाइक्लोरो डाइफेनिल ट्राइक्लोरोइथेन ; 2,2-बिस (पी-क्लोरोफेनिल) -1,1,1-ट्राइक्लोरोइथेन)	कीटनाशक, ऑर्गेनोक्लोरीन	12	0.7	0.7	**12**	**12**	-	0.001
78.	डेल्टामेथ्रिन	कीटनाशकों	-	-	-	-	-	-	0.000

IndiaCode

									4
79.	डाइ(2-एथिलहेक्सिल) फ़थैलेट	फ़थैलेट एस्टर	-	-	-	-	-	-	16
80.	डाइबेन्ज़ (ए,एच)एन्थ्रासीन	पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (पीएएच)	10	0.1	1	10	10	-	-
81.	डाइब्रोमोक्लोरोमेथेन	हैलोजनयुक्त मीथेन	-	-	-	-	-	0.1	-
82.	डिकैम्बा	कीटनाशक, एरोमैटिक कार्बोक्सिलिक एसिड	-	-	-	-	-	0.11	10
83.	डाइक्लोरोब्रोमोमेथेन	हैलोजनयुक्त मीथेन	-	-	-	-	-	-	-
84.	डाइक्लोरोमेथेन (मेथिलीन क्लोराइड)	हैलोजेनेटेड एलिफैटिक यौगिक	50	0.1	**5**	**50**	**50**	0.05	98.1
85.	डाइक्लोरोफेनोल्स	क्लोरीनयुक्त फिनोल	22	0.05	0.5	5	5	0.9	0.2
86.	डिक्लोफॉप -मिथाइल	कीटनाशकों	-	-	-	-	-	-	6.1
87.	डाइडेसिलडाइमेथिलैमोनियम क्लोराइड	कीटनाशकों	-	-	-	-	-	-	1.5
88.	डिसोपरोपोलामाईन	जैविक	180	180	180	180	180	-	1600
89.	डाइमेथोएट	कीटनाशक, ऑर्गनोफॉस्फोरस	-	-	-	-	-	0.02	6.2
90.	डाइ-एन-ब्यूटाइल फ़थैलेट	फ़थैलेट एस्टर	-	-	-	-	-	-	19
91.	डाइनोसेब	कीटनाशकों	-	-	-	-	-	0.01	0.05
92.	एंडोसल्फान	कीटनाशक, ऑर्गेनोक्लोरीन	4					0.4	0.003
93.	एन्ड्रिन	कीटनाशक, ऑर्गेनोक्लोरीन	-	-	-	-	-	0.0006	0.0023
94.	एथिलबेन्ज़ीन	मोनोसाइक्लिक सुगंधित यौगिक	110	0.1	5	50	50	0.14	90
95.	इथाइलीन ग्लाइकॉल	ग्लाइकॉल्स	960	960	960	960	960	-	192000
96.	विनिमय योग्य सोडियम प्रतिशत (ईएसपी)		15	10				-	
97.	फ्लोराएन्थीन	पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (पीएएच)	10	0.1	1	10	10	-	0.04
98.	फ्लोरीन	पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (पीएएच)	10	0.1	1	10	10	-	3
99.	फ्लोराइड	अकार्बनिक	2000	200	400	2000	2000	1.5	120
100.	ग्लाइफोसेट	कीटनाशक, ऑर्गनोफॉस्फोरस	-	-	-	-	-	0.28	800
101.	हेप्टाक्लोर	कीटनाशक, ऑर्गेनोक्लोरीन	4					-	0.01
102.	हेक्साक्लोरोबेंज़ीन	हैलोजनयुक्त सुगंधित यौगिक	10	0.05	2	**10**	**10**	-	-
103.	हेक्साक्लोरोब्यूटाडीन	हैलोजेनेटेड एलिफैटिक यौगिक	-	-	-	-	-	0.0006	1.3

IndiaCode

104.	हेक्साक्लोरोसाइक्लोहेक्सेन (अल्फा एचसीएच)	कीटनाशक, ऑर्गेनोक्लोरीन	17	17	17	17	17	0.01	-
105.	हेक्साक्लोरोसाइक्लोहेक्सेन (डेल्टा एचसीएच)	कीटनाशक, ऑर्गेनोक्लोरीन	-	-	-	-	-	0.04	-
106.	हेक्साक्लोरोसाइक्लोहेक्सेन (HCH)	कीटनाशक, ऑर्गेनोक्लोरीन	0.01	0.01	-	-	-	-	0.01
107.	हेक्साक्लोरोसाइक्लोहेक्सेन (बीटा HCH)	कीटनाशक, ऑर्गेनोक्लोरीन	1.6					0.04	-
108.	imidacloprid		-	-	-	-	-	0.23	-
109.	इंडेनो (1,2,3-सी,डी) पाइरीन	पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (पीएएच)	10	0.1	1	10	10	-	-
110.	लोहा	अकार्बनिक	-	-	-	-	-	0.3	300
111.	नेतृत्व करना	धातु	600	70	140	260	**600**	0.005	-
112.	लिंडेन (गामा एचसीएच)	कीटनाशक, ऑर्गेनोक्लोरीन	1.2					0.002	-
113.	लिनुरोन	कीटनाशकों	-	-	-	-	-	-	7
114.	लिथियम	अकार्बनिक	-	-	-	-	-	-	-
115.	मैगनीशियम	अकार्बनिक	-	-	-		-	30	-
116.	मैलाथियोन	कीटनाशक, ऑर्गनोफॉस्फोरस	-	-	-	-	-	0.29	-
117.	मैंगनीज	अकार्बनिक		-	-	-	-	0.12	-
118.	एमसीपीए (मिथाइलक्लोरोफेनोक्सीएसिटिक एसिड (4-क्लोरो-2-मिथाइलफेनोक्सीएसिटिक एसिड;2-मिथाइल-4-क्लोरोफेनोक्सीएसिटिक एसिड)	कीटनाशकों	4					0.1	2.6
119.	पारा (अकार्बनिक)	धातु	50	6.6	6.6	24	**50**	0.001	0.026
120.	मेथोप्रीन		-	-	-	-	-	1	-
121.	मिथाइलमर्करी	जैविक	4	-	-	-	-	-	0.004
122.	मिथाइलटरशियरी -ब्यूटाइल ईथर (एमटीबीई)	एलिफैटिकेथर	-	-	-	-	-	-	10000
